ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस

# उ.प्र. औद्योगिक सिंगल विण्डो पोर्टल 'निवेश मित्र' ने मात्र 3 वर्षों में सफलतापूर्वक जारी कीं 4 लाख से अधिक स्वीकृतियां

- *फरवरी 2018 से अब तक 'निवेश मित्र' के माध्यम से कुल 4,77,761 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें से 96 प्रतिशत की उच्च निस्तारण दर एवं 85 प्रतिशत की अनुमोदन दर से 4,03,806 स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं*
- *मात्र 3 वर्षों के भीतर 'निवेश मित्र' 27 से अधिक विभागों की 347 लाइसेंसिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है*
- *अब 'निवेश मित्र' के माध्यम से फिल्म, मनोरंजन, औषधि, नैदानिक प्रतिष्ठान एवं कृषि आदि जैसी क्षेत्र–विशिष्ट सेवाओं को भी प्रदान किया जा रहा है*
- *अब तक 'निवेश मित्र पोर्टल' को उपयोगकर्ताओं से 32,965 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 31,242 शिकायतों का निवारण 95 प्रतिशत की उत्कृष्ट समाधान दर से पोर्टल के शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से किया गया है*

**लखनऊ, 25 अगस्त, 2021 :**

एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में निवेशकों और उद्योग जगत के उत्तर प्रदेश में बढ़ते विश्वास के स्पष्ट संकेत एवं एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में **राज्य के सिंगल विण्डो पोर्टल, 'निवेश मित्र' के माध्यम से 96 प्रतिशत की निस्तारण दर एवं 85 प्रतिशत की अनुमोदन दर से 4,03,806 स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं।** फरवरी 2018 में निवेश मित्र के शुभारम्भ के बाद से लगभग तीन वर्षों की अवधि में अब तक स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिए **उद्यमियों द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से कुल 4,77,761 आवेदन किए गए हैं।**

इस उपलब्धि एवं निवेश मित्र टीम की सराहना करते हुए **माननीय मंत्री, औद्योगिक विकास, श्री सतीश महाना ने कहा**, *"माननीय मुख्यमंत्री, श्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में हमारी सरकार उत्तर प्रदेश में कारोबारी माहौल में सुधार के लिए टेक्नोलॉजी–संचालित सुधारों को लागू कर रही है। निवेश मित्र सिंगल विण्डो पोर्टल राज्य में निवेश की प्रक्रिया को पारदर्शिता एवं सुविधा प्रदान करने के विभिन्न सफल प्रयासों में से एक है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश 12 स्थानों का सुधार करते हुए भारत में ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफल हुआ है।"*

**माननीय मंत्री जी ने कहा** कि *'निवेश मित्र' के माध्यम से सेवाओं को निरंतर एवं समयबद्ध रूप से प्रदान किया जाना राज्य सरकार द्वारा निवेशकों और उद्योगों की अपेक्षाओं को कुशलता से पूर्ण करने के अथक प्रयासों का एक प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिससे उत्तर प्रदेश में निवेश परियोजनाओं के कार्यान्वियन और रोजगार सृजन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।*

उल्लेखनीय है कि **फरवरी 2018 में आयोजित यूपी इन्वेस्टर्स समिट–2018 के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा निवेश मित्र सिंगल विण्डो पोर्टल का शुभारम्भ 20 विभागों की 69 सेवाओं के साथ किया गया था**। गत् तीन वर्षों में पोर्टल से प्रदान की जा रही सेवाओं में वृद्धि करते हुए **अब 347 सेवाएं** प्रदान की जा रही हैं, जिनमें **उद्यमों व व्यवसायों से संबंधित समस्त स्थापना एवं संचालन व नवीनीकरण की लाइसेंसिंग सेवाएं** सम्मिलित है, जिसके परिणामस्वरूप **'निवेश मित्र' भारत में वर्तमान में सबसे बड़े सिंगल विण्डो पोर्टलों में से एक** बन गया है। अब **'निवेश मित्र' के माध्यम से फिल्म, मनोरंजन, औषधि, नैदानिक प्रतिष्ठान (क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट), कृषि, आदि जैसी क्षेत्र–विशिष्ट लाइसेंसिंग सेवाएं** भी प्रदान की जा रही हैं।

निवेश मित्र के **शिकायत निवारण तंत्र** के अंतर्गत अब तक उद्यमियों से 32,965 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 31,242 को **95 प्रतिशत की उत्कृष्ट समाधान दर** से सफलतापूर्वक हल किया गया है।

निवेश मित्र पोर्टल के **'यूजर फीडबैक'** मॉड्यूल को निवेश मित्र के उपयोगकर्ताओं से कुल 2,26,113 फीडबैक प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग **80 प्रतिशत**, अर्थात 1,79,979 फीडबैक **'संतुष्ट'** श्रेणी के अंतर्गत हैं।